"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 24] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 14 जून 2013—ज्येष्ठ 24, शक 1935

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 15 मई 2013

क्रमांक 358/150/अव./2013/1-8/स्था.—श्री सैय्यद कौसर अली, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को दिनांक 28-01-2013 से 02-02-2013 तक 06 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 25, 26 एवं 27-01-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अली, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

3. अवकाश अवधि में श्री अली को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अली अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. के. माथुर, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 20 मई 2013

क्रमांक 360/257/अव./2013/1-8/स्था.—श्री डी. के. माथुर, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 16-04-2013 से 27-04-2013 तक 12 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री डी. के. माथुर, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री माथुर को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री माथुर अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 22 मई 2013

क्रमांक 363/337/अव./2013/1-8/स्था.—श्री बी. एल. सोनी, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 13-05-2013 से 17-05-2013 तक 05 दिवस एवं दिनांक 27-05-2013 से 01-06-2013 तक 06 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 11, 12, 18, 19, 25 एवं 26-05-2013 तथा 02-06-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री सोनी, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री सोनी को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सोनी अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 23 मई 2013

क्रमांक 441/380/अव./2013/1-8/स्था.—श्री आर. सी. लेवे, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को दिनांक 13-05-2013 से 17-05-2013 तक 05 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 11, 12, 18 एवं 19-05-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री लेवे, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री लेवे को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री लेवे अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 23 मई 2013

क्रमांक 444/384/अव./2013/1-8/स्था.—श्री पी. डी. पुरबिया, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग को दिनांक 27-05-2013 से 01-06-2013 तक 06 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 25, 26-05-2013 तथा 02-06-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री पुरबिया, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री पुरबिया को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पुरबिया अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 मई 2013

क्रमांक 445/402/अव./2013/1-8/स्था.—श्री प्रभात लकड़ा, वरिष्ठ लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग (लेखा शाखा), छत्तीसगढ़ मंत्रालय को दिनांक 06-06-2013 से 18-06-2013 तक 13 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री लकड़ा, आगामी आदेश तक वरिष्ठ लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग (लेखा शाखा) के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री लकड़ा को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री लकड़ा अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 मई 2013

क्रमांक 447/383/अव./2013/1-8/स्था.—श्री विलियम कुजूर, उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग को दिनांक 27-05-2013 से 07-06-2013 तक 12 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 25, 26-05-2013 एवं 08, 09-06-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री कुजूर, आगामी आदेश तक उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री कुजूर को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कुजूर अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 मई 2013

क्रमांक 449/399/अव./2013/1-8/स्था.—श्री एन. डी. कुंदानी, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग को दिनांक 27-05-2013 से 07-06-2013 तक 12 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 25, 26-05-2013 तथा 08, 09-06-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री कुंदानी, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री कुंदानी को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कुंदानी अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 28 मई 2013

क्रमांक 451/381/अव./2013/1-8/स्था.—श्री जी. आर. मालवीय, उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग को दिनांक 20-05-2013 से 24-05-2013 तक 06 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 18, 19, 25 एवं 26-05-2013 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री मालवीय, आगामी आदेश तक उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री मालवीय को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मालवीय अवकाश पर नहीं जाते तो, अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. वर्मा, अवर सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 17 मई 2013

क्रमांक 1056/1101/2013/16.—भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 (1996 का 27) की धारा 42 की उपधारा (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा अधिनियम की धारा 40 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियम, 2008 में उल्लेखित प्रावधानों के परिपालन में अधिसूचना क्रमांक एफ 10-2/2010/16, रायपुर दिनांक 30-03-2010 में निम्नांकित संशोधन अंत:स्थापित किया जाता है—

"प्रदेश के समस्त कारखाना निरीक्षक को, के स्थान पर प्रदेश के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय में पदस्थ समस्त उप संचालक एवं सहायक संचालक को" अंत:स्थापित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. आर. मालवीय, उप सचिव.

सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 15 मई 2013

छत्तीसगढ़ युवा सूचना क्रांति योजना

क्रमांक एफ 3-9/2013/56.—राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, मेडिकल महाविद्यालयों एवं अन्य तकनीकी श्रेणी के उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं में वाणिज्य, कला एवं विज्ञान आदि निकायों में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को टेबलेट दिये जायेंगे. अत: एतद्द्वारा राज्य शासन के निर्णय के अनुपालन में विद्यार्थियों को नि:शुल्क लैपटॉप/टेबलेट प्रदाय करने हेतु निम्नानुसार योजना जारी करता है—

1. **इस योजना का नाम**—"छत्तीसगढ़ युवा सूचना क्रांति योजना" होगा. इस योजना में विद्यार्थी को पात्रता अनुसार नि:शुल्क लैपटॉप अथवा टेबलेट प्रदाय किये जायेंगे.

2. **उद्देश्य**—

2.1 राज्य के युवाओं को नई तकनीकों के उपयोग की सुविधा प्रदान कर उनका एवं राज्य का आर्थिक एवं सामाजिक विकास करना.

2.2 युवाओं को नई तकनीक के माध्यम से अपनी ज्ञान क्षमता में वृद्धि कर श्रेष्ठ कैरियर निर्माण में सहयोग प्रदान करना.

2.3 राज्य में कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के उपयोग को बढ़ावा देना.

3. **योजना की अवधि**—

3.1 लैपटॉप एवं टेबलेट का वितरण इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में किया जायेगा.

3.2 योजनान्तर्गत हितग्राही विद्यार्थी को उसके शैक्षणिक जीवन में राज्य में स्थित किसी भी महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में किसी भी संकाय में अध्ययन के दौरान पात्रतानुसार केवल एक ही बार टेबलेट या लैपटाप वितरित किया जायेगा.

4. **योजना का स्वरूप**—

4.1 **नि:शुल्क लैपटॉप वितरण**—

4.1.1 योजनान्तर्गत प्रत्येक वर्ष संलग्न सूची क्रमांक-1 में उल्लेखित राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों एवं चिन्हित तकनीकी श्रेणी के उच्च शिक्षण संस्थाओं में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किये जायेंगे.

4.1.2 इस योजना के अंतर्गत राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों, चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अन्य तकनीकी श्रेणी के उच्च शिक्षण संस्थानों का समय-समय पर चिन्हांकन उच्च अधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जा सकेगा.

4.1.3 हितग्राही विद्यार्थियों का चयन एवं लैपटॉप का वितरण अन्य संबंधित विभागों/संस्थाओं के समन्वय से तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा. इस संबंध में तकनीकी शिक्षा विभाग संबंधित विभागों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर सकेगा.

4.1.4 लैपटॉप का क्रय पारदर्शी क्रय प्रक्रिया के माध्यम से क्रियान्वयन एजेंसी चिप्स द्वारा किया जायेगा.

4.2 **नि:शुल्क टैबलेट वितरण**—

4.2.1 योजनान्तर्गत प्रत्येक वर्ष संलग्न सूची क्रमांक-2 में उल्लेखित राज्य के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थाओं में वाणिज्य, कला एवं विज्ञान आदि निकायों में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अध्ययनरत अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को टेबलेट प्रदान किये जायेंगे.

4.2.2 इस योजना के अंतर्गत राज्य के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थाओं का समय समय पर चिन्हांकन उच्च अधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जा सकेगा.

4.2.3 हितग्राही विद्यार्थियों का चयन एवं टैबलेट का वितरण अन्य संबंधित विभागों/संस्थाओं के समन्वय से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा. इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग संबंधित विभागों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर सकेगा.

4.2.4 टेबलेट का क्रय पारदर्शी क्रय प्रक्रिया के माध्यम से क्रियान्वयन एजेंसी चिप्स द्वारा किया जायेगा.

5. **योजना का क्रियान्वयन—**

5.1 इस योजना के क्रियान्वयन हेतु एजेंसी सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग की अधीनस्थ संस्था छत्तीसगढ़ इंफोटेक एवं बॉयोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) होगी.

5.2 क्रियान्वयन एजेंसी लैपटॉप एवं टेबलेट के स्पेसिफिकेशन का निर्धारण करेगी.

5.3 उच्च अधिकार प्राप्त समिति द्वारा क्रियान्वयन के लिये जारी दिशा-निर्देश के अनुसार चिप्स योजना का क्रियान्वयन करेगी.

5.4 प्रत्येक वर्ष, वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में क्रियान्वयन एजेंसी चिप्स अर्हताधारी विद्यार्थी को लैपटॉप/टेबलेट वितरण हेतु तकनीकी शिक्षा विभाग से लैपटॉप की मांग तथा उच्च शिक्षा विभाग से टेबलेट की मांग प्राप्त करेगा एवं बजट हेतु शासन को प्रस्ताव भेजेगा.

5.5 उपरोक्त मांग में प्राप्त संख्या अनुसार क्रियान्वयन एजेंसी चिप्स निर्धारित क्रय प्रक्रिया एवं स्पेसिफिकेशन अनुरूप लैपटॉप/टेबलेट क्रय कर एवं उनका तकनीकी परीक्षण कर लैपटॉप तकनीकी शिक्षा विभाग एवं टेबलेट उच्च शिक्षा विभाग को वितरण हेतु उपलब्ध करायेगा.

5.6 तकनीकी शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग प्रत्येक वर्ष लैपटॉप/टेबलेट की प्राप्ति एवं वितरण स्थान, क्रियान्वय एजेंसी, चिप्स को सूचित करेगा.

5.7 स्पेसिफिकेशन अनुसार सही और कार्यशील अवस्था में लैपटॉप/टेबलेट वितरण स्थान पर प्रदान करने का दायित्व चिप्स का होगा तथा तकनीकी शिक्षा विभाग/उच्च शिक्षा विभाग लैपटॉप/टेबलेट की प्राप्ति एवं वितरण की प्रक्रिया निर्धारित करेंगे.

5.8 तकनीकी शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग अर्हताधारी विद्यार्थी को यथास्थिति अनुसार लैपटॉप/टेबलेट का वितरण सुनिश्चित करेगा. वितरण के उपरान्त निर्धारित प्रपत्र में हितग्राही विद्यार्थियों की सूची चिप्स को उपलब्ध करायेगा.

5.9 योजना अंतर्गत लाभान्वित विद्यार्थियों की सूची चिप्स की वेबसाईट www.chips.gov.in राज्य शासन की वेबसाईट www.cg.gov.in पर प्रदर्शित की जाएं. संबंधित शैक्षणिक संस्था के सूचना फलक पर उस संस्था के लाभान्वित विद्यार्थियों की सूची चस्पा की जाएं.

5.10 वितरित लैपटॉप एवं टेबलेट का वारंटी पीरियड में मेंटेनेंस की व्यवस्था का दायित्व चिप्स का होगा जो संबंधित प्रदायकर्ता के माध्यम से सुनिश्चित की जायेगी.

6. **वित्तीय व्यवस्था—**

6.1 योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा राज्य के बजट या अन्य मदों से सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बजट में प्रावधान उपलब्ध कराया जायेगा. सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा क्रियान्वयन एजेंसी चिप्स को राशि उपलब्ध कराई जायेगी.

6.2 चिप्स को जिस स्तर से राशि प्राप्त होगी उसे राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का दायित्व चिप्स का होगा.

6.3 लैपटॉप/टेबलेट के क्रय मूल्य के अलावा योजना में क्रियान्वयन हेतु निविदा जारी करने, सॉफ्टवेयर लोड करने एवं अन्य प्रशासकीय कार्यों हेतु चिप्स बजट प्रावधान पर 1 प्रतिशत तक का व्यय कर सकेगा.

7. **उच्च अधिकार प्राप्त समिति का गठन—**

7.1 योजना के क्रियान्वयन एवं मानिटरिंग हेतु शासन द्वारा निम्नानुसार एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति गठित की जायेगी—

7.1.1	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
7.1.2	अपर मुख्य सचिव, वित्त	सदस्य
7.1.3	प्रमुख सचिव, कृषि विभाग	सदस्य
7.1.4	प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं परि. कल्याण	सदस्य
7.1.5	प्रमुख सचिव, मान. मुख्यमंत्री जी	सदस्य
7.1.6	सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी	सदस्य
7.1.7	सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग	सदस्य
7.1.8	सचिव, उच्च शिक्षा विभाग	सदस्य
7.1.9	सचिव, विधि विभाग	सदस्य
7.1.10	सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग	सदस्य
7.1.11	संचालक, तकनीकी शिक्षा	सदस्य
7.1.12	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स	सचिव

7.2 इस समिति के प्रमुख दायित्व इस प्रकार होंगे—

7.2.1 योजना क्रियान्वय के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान करना.
7.2.2 क्रय प्रक्रिया का निर्धारण करना.
7.2.3 योजना की प्रगति की समीक्षा करना.
7.2.4 योजना के लिए वित्तीय प्रबंध करना.
7.2.5 लैपटॉप एवं टेबलेट का स्पेसिफिकेशन चिप्स की सलाह पर अनुमोदित करना.
7.2.6 हितग्राहियों के चयन हेतु अर्हता का निर्धारण.
7.2.7 अंतर्विभागीय समन्वय एवं कठिनाईयों का निराकरण करना.
7.2.8 योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यकतानुसार अन्य विषयों पर समीक्षा कर दिशा-निर्देश जारी करना.

8. मानिटरिंग—

8.1 योजना के क्रियान्वयन की मानिटरिंग सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा की जायेगी.

8.2 सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, योजना के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों के लिए उच्च अधिकार प्राप्त समिति की अनुशंसाओं पर दिशा निर्देश जारी कर सकेगा एवं उसमें आवश्यकतानुसार संशोधन कर सकेगा.

9. यह योजना दिनांक 01 फरवरी 2013 से लागू होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
उमेश कुमार अग्रवाल, उप सचिव.

सूची—1

विभिन्न संकायों की सूची जिनमें अध्ययनरत अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किये जायेंगे

क्र. (1)	संकाय का नाम (2)	Name of Course (3)
1.	राज्य में समस्त इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी	All students of Engineering College of State
2.	राज्य में समस्त मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी	All students of Medical College of State

(1)	(2)	(3)
3.	बी डी एस	BDS
4.	बी ए एम एस	BAMS
5.	बी. एच. एम. एस.	BHMS
6.	दुग्ध प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग	Dairy Technology Engineering
7.	एम टेक/एम ई/पीएच डी (इंजी.)	M. Tech./M E/Ph D (Engg.)
8.	एम सी ए	MCA
9.	बी आर्क	B Arch
10.	बी एससी कृषि/उद्यानिकी	B Sc Agri/Horti
11.	एम एससी/पीएच डी कृषि	M Sc/Ph D Agri
12.	बी टेक कृषि	B Tech Agri
13.	एम टेक/पीएच डी कृषि इंजी	M Tech/Ph D Agri Engg
14.	बी यू एम एस	BUMS
15.	बी एन वाय एस	BNYS
16.	बी वी एससी	BV Sc
17.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर के विद्यार्थी, जो इस सूची में दर्शाये संकायों में अध्ययनरत हैं.	Students of National Institute of Technology, Raipur, those studing in course of this list.
18.	गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर के अंतर्गत छत्तीसगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी.	Student of CG Engineering College under Guru Ghasidas Central University, Bilaspur.

सूची—2

विभिन्न संकायों की सूची जिनमें अध्ययनरत अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को टेबलेट प्रदान किये जायेंगे

क्र. (1)	संकाय का नाम (2)	Name of Course (3)
1.	कला	Arts
2.	वाणिज्य	Commerce
3.	विज्ञान	Science
4.	एलएल बी/एलएल एम	LL B/LL M
5.	बी एस सी नर्सिंग	B Sc Nursing
6.	बी पी टी	BPT
7.	बी फार्मा	B Pharma
8.	डी फार्मा	D Pharma
9.	एम फार्मा	M Pharma
10.	पॉलिटेकनिक संस्थानों के विद्यार्थी	Students of Ploytechnic Institute
11.	एम बी ए	MBA
12.	कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के विद्यार्थी.	Student of Kushabhau Thakre Journlasim University
13.	हिदायतुल्ला विधि विश्वविद्यालय अंतर्गत एलएल बी/एलएल एम के विद्यार्थी.	Student of LL B/LL M under/Hidayatulla Law University.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मई 2013

क्रमांक एफ 1-1/2013/13/1.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री पी. के. मजुमदार, कार्यपालन अभियंता (वि.सु.) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 16-05-2013 को सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में समिति द्वारा पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप अधीक्षण अभियंता (वि.सु.) एवं मुख्य विद्युत निरीक्षक (विभागाध्यक्ष) के पद पर-वेतनमान रुपये 15600-39100/-+ग्रेड वेतन 7600/- में पदोन्नत करते हुए, उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अधीक्षण अभियंता (वि.सु.) एवं मुख्य विद्युत निरीक्षक, छ.ग., रायपुर के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया जाता है.

2. प्रमाणित किया जाता है कि विभागाध्यक्ष का एकांकी पद होने के कारण पदोन्नति के लिये आरक्षण संबंधी नियम लागू नहीं होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
उमेश कुमार अग्रवाल, उप-सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 22 मई 2013

संशोधित अधिसूचना

क्रमांक/एफ 9-20/32/2005.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23, 1973) की धारा 13 (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए डोंगरगांव, निवेश क्षेत्र जो इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 01 फरवरी, 2007 द्वारा गठित किया गया था. राजस्व रिकार्ड के अनुसार ग्रामों के नामों में सुधार करती हैं जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई हैं :—

अनुसूची

डोंगरगांव निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम जासरारकला के स्थान पर जामसरारकला एवं भवरगुड के स्थान पर भटगुना पढ़ा जाये.

पूर्व में : ग्राम भवरगुड के स्थान पर भटगुना एवं करेथी के स्थान पर करेठी तथा बधहम के स्थान पर बड़भूम पढ़ा जाये.

दक्षिण में : ग्राम बधहम के स्थान पर बड़भूम एवं बेदरकट्टा के स्थान पर बेंदरकट्टा पढ़ा जाये.

पश्चिम में : ग्राम मायलडबरी के स्थान पर माथलडबरी पढ़ा जाये.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अलेक्स पॉल मेनन, उप-सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 मई 2013

क्रमांक एफ-16-202/2012/25-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 का 33) की धारा 21 की उपधारा (1) के प्रावधानानुसार कार्यालय आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छत्तीसगढ़, रायपुर में नागरिक अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नानुसार पद सृजित करता है :—

क्र. (1)	नाम पद (2)	वेतन बैंड (3)	ग्रेड वेतन (4)	पद संख्या (5)
1.	संयुक्त संचालक	15600-39100	7600	01
2.	सहायक अनुसंधान अधिकारी	15600-39100	5400	01
3.	सहायक सांख्यिकीय अधिकारी	9300-34800	4300	01
4.	अनुसंधान सहायक	9300-34800	4300	01
5.	अन्वेषक	5200-20200	2400	01
6.	सहायक ग्रेड-2	5200-20200	2400	01
7.	सहायक ग्रेड-3	5200-20200	1900	02
8.	भृत्य	4750-7440	1300	02
	योग	—	—	10

2. उपर्युक्त पदों की स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन होगी:—

(1) सेवा भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर लिया जावेगा.

(2) स्वीकृत ज्ञापन में दर्शाये गए वेतनमान सही और तत्स्थानी वेतन अनुसूची के अनुरूप हैं.

3. उक्त व्यय मांग संख्या 64 मुख्यशीर्ष 2225 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण-01 अनुसूचित जातियों का कल्याण-102 आर्थिक विकास-0703 केन्द्र प्रवर्तित योजना अनुसूचित जाति उपयोजना 9550 नागरिक अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ अंतर्गत प्रचार प्रसार एवं प्रशासकीय सुदृढ़ीकरण 01 वेतन भत्ते आदि के अंतर्गत विकलनीय होगा.

4. इस स्वीकृति पर वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 165/2013-25-00008/वित्त विभाग/ब-3/2013 दिनांक 23-4-2013 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मई 2013

क्रमांक एफ 6-25/2013/वा.क.(आब.)/पांच.—राज्य शासन एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा वर्ष-2008 तथा साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित किए गए निम्नांकित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, दो वर्ष की परिवीक्षा पर जिला आबकारी अधिकारी के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रुपये 15,600-39100, ग्रेड वेतन रुपये 5400/- में

अनन्तिम (provisional) रूप से नियुक्त किया जाता है, तथा उनकी पदस्थापना जिला आबकारी अधिकारी के रूप में उनके सम्मुख कॉलम 5 में दर्शाये जिले में की जाती है :—

स. क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित सूची का सरल क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम एवं वर्तमान डाक का पता	श्रेणी	प्रथम नियुक्ति पर पदस्थापना का जिला अर्थात् जहां से वेतन आहरित होगा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	1	श्री यदुनंदन राठौर, पिता-स्व. श्री एन. आर. राठौर C/o श्री महेन्द्र राठौर (शिक्षक), न्यू चंदनिया पारा, जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) पिन 495 668.	अनारक्षित	कार्यालय, सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-बिलासपुर.
2.	2	श्री विकास कुमार गोस्वामी, पिता-श्री विनोद गोस्वामी, गोस्वामी मेडिकल स्टोर्स, पोस्ट-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) पिन 491 661	अनारक्षित	कार्यालय, सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-दुर्ग.
3.	3	श्री नवीन प्रताप सिंह तौमर, पिता-श्री भगवान सिंह तौमर, मकान नंबर 295, तानसेन नगर, हजीरा, ग्वालियर (म. प्र.) पिन 474 002	अनारक्षित	कार्यालय, सहायक आयुक्त, आबकारी, जिला-राजनांदगांव.
4.	4	श्री राजेश जायसवाल, पिता-श्री हरि प्रसाद जायसवाल, C/o श्री शिवप्रसाद जायसवाल, एम.डी./385, दीपका कालोनी, कोरबा (छ.ग.) पिन 495 452	अ.पि.व.	कार्यालय, सहायक आयुक्त, आबकारी, जिला-रायगढ़.
5.	5	मंजुश्री कसेर, पिता-श्री एस. बी. कसेर, सी-358, मधु बुटीक लाईन, प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) पिन 492 001	अ.पि.व.	कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी, जिला-महासमुंद.
6.	6	श्री दिनकर वासनिक, पिता-डॉ. पन्नालाल वासनिक, वार्ड नंबर 16, गली नंबर 04, तुलसीपुर, ममता नगर, राजनांदगांव (छ.ग.) पिन 491 441	अ.जा.	कार्यालय, उपायुक्त आबकारी, जिला-रायपुर
7.	7	श्री मुकेश कुमार, पिता-स्व. श्री जगेशर, कंडरापारा, वार्ड नं. 10, थाना/तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) पिन 491 661	अ.ज.जा.	कार्यालय, सहायक आयुक्त, आबकारी, जिला-कोरबा.

2. (a) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी द्वारा उसकी जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन स्वत: छानबीन समिति से करवाकर दो माह के भीतर इस विभाग को सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और यदि उक्त नियत अवधि में अभ्यर्थी छानबीन समिति द्वारा सत्यापित जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है अथवा छानबीन समिति द्वारा सत्यापन के उपरांत उसका जाति प्रमाण पत्र फर्जी/गलत पाया जाता है तो बिना कोई कारण बताए पूर्वाग्रह के बिना इस विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी तथा झूठा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अन्तर्गत यथोचित कार्यवाही भी की जा सकेगी.

(b) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों का यह दायित्व होगा कि वह छानबीन समिति द्वारा चाहे गए सभी आवश्यक दस्तावेज/रिकार्ड एवं जानकारियां अपने जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु छानबीन समिति को उपलब्ध करायेगा.

3. उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को जब छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर में प्रशिक्षण हेतु बुलाया जाएगा, तब वे अपनी उपस्थिति जिले से प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर में देकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे.

4. परिवीक्षाधीन अधिकारी को परिवीक्षा अवधि के दौरान विहित प्रशिक्षण, छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर में प्राप्त करना अनिवार्य होगा और प्रशिक्षण के पश्चात् अकादमी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में अनिवार्यत: सम्मिलित होकर परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा. प्रशासन अकादमी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में प्रथम बार में असफल होने पर अधिकारी को अकादमी में आगामी प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर पुन: परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए जा सकेंगे.

5. परिवीक्षाधीन अधिकारी को परिवीक्षावधि में उच्च मानकों द्वारा निर्धारित विभागीय परीक्षाएं भी उत्तीर्ण करनी होगी. नियुक्ति प्राधिकारी पर्याप्त कारणों से एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिए परिवीक्षावधि को बढ़ा सकेगा, इसके उपरांत भी विहित विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण न करने पर सेवायें तत्काल समाप्त की जायेगी.

6. सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित मापदंड अनुसार आचरण व चरित्र का पुलिस सत्यापन भी करवाया जायेगा. यदि पुलिस सत्यापन में अधिकारी को सेवा के लिए अनुपयुक्त पाये जाने पर, नियुक्ति प्राधिकारी के विचार में यदि, उसका उपयुक्त शासकीय सेवक बनना संभव न होना पाया जाएगा तो, उसकी सेवाएं नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त की जा सकेगी.

7. शासकीय सेवा के दौरान उपरोक्त अधिकारीगण "छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 एवं छत्तीसगढ़ आबकारी सेवा वर्ग 1 तथा 2 भरती नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत् शासित होंगे.

8. उपरोक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति राज्य या संभागीय "मेडिकल बोर्ड" से चिकित्सीय योग्यता प्रमाण पत्र (मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट) प्राप्त करने की अपेक्षा में की जाती है. अत: अभ्यर्थीगण राज्य या संभागीय मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट तत्काल विभाग में प्रस्तुत करेंगे. बिना चिकित्सा योग्यता प्रमाण पत्र के वेतन आहरण नहीं किया जायेगा तथा कार्य की गई अवधि का कोई वेतन देय नहीं होगा. "मेडिकल बोर्ड" द्वारा अयोग्य पाये जाने की दशा में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जावेगी.

9. उपरोक्त अभ्यर्थियों को संबंधित जिला कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के समय सहायक आयुक्त, आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी के समक्ष मूल (स्थानीय) निवासी प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. अभ्यर्थी द्वारा आयोग को नियुक्ति के पूर्व दी गई कोई भी जानकारी/प्रमाण पत्र गलत पाये जाने पर उसे बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा से पृथक किया जा सकेगा तथा उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अधीन कार्यवाही की जा सकेगी.

10. जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के पूर्ण सत्यापन के उपरांत ही संबंधित कर्मचारी की नियुक्ति को अंतिम रूप से मान्य किए जाने पर विचार किया जाएगा.

11. चयनित अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व संलग्न प्रारूप में एक बॉण्ड शासन के पक्ष में निष्पादित करना भी आवश्यक होगा कि वह परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण न कर पाने की दशा में, परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा उस पर खर्च की गई राशि जिसमें वेतन, भत्ते एवं यात्रा व्यय शामिल होगा, की वापसी के लिए उत्तरदायी रहेगा.

12. चयनित आवेदकों की परस्पर वरिष्ठता लोक सेवा आयोग द्वारा जारी की गई चयन सूची के अनुसार ही निर्धारित रहेगी.

13. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पद पर नियुक्ति के संबंध में आरक्षण नियमों एवं आदेशों का पालन किया गया है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. त्रिपाठी, संयुक्त सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 10 मई 2013

क्रमांक एफ 1/84/दो-गृह/भापुसे/2001.—राज्य शासन एतद्द्वारा डॉ. एम. एस. तोमर, भा.पु.से. तत्कालीन अति. परिवहन आयुक्त वर्तमान में पुलिस महानिरीक्षक छसबल पुसिल मुख्यालय, रायपुर को स्वयं की बीमारी के ईलाज हेतु दिनांक 11-03-2013 से 23-03-2013 तक (कुल 13 दिवस) का लघुकृत अवकाश स्वीकृत करते हुये डॉ. तोमर, भापुसे. को दिनांक 09, 10 एवं 24 मार्च 2013 के विज्ञप्त शासकीय अवकाश का लाभ प्रदान किया जाता है.

2. डॉ. एम. एस. तोमर, भापुसे को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश पर लौटने पर डॉ. एम. एस. तोमर, भापुसे, पुलिस माहनिरीक्षक, छसबल पुलिस मुख्यालय, छ.ग. के पद पर पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. एम. एस. तोमर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, छसबल, पुलिस मुख्यालय रायपुर, छ.ग. अवकाश पर नहीं जाते तो पद पर बने रहते.

रायपुर, दिनांक 14 मई 2013

क्रमांक एफ 01-48/दो-गृह/भापुसे/2001.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री गिरधारी नायक, भापुसे (1993) अतिरिक्त महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं तथा अतिरिक्त महानिदेशक, नगरसेना, छ.ग. को दिनांक 17-05-2013 से दिनांक 14-06-2013 (29 दिवस) तक अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 15 एवं 16-06-2013 के शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री नायक आगामी आदेश तक अतिरिक्त महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छ.ग. तथा अतिरिक्त महानिदेशक, नगरसेना, छ.ग. के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री नायक, को वही वेतन एवं अन्य भत्ते देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व मिलते थे.

4. श्री गिरधारी नायक, भापुसे (1993) अतिरिक्त महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छ.ग. तथा अतिरिक्त महानिदेशक, नगर सेना छ.ग. के उक्त अवकाश अवधि में जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छ.ग. का प्रभार श्री अरूण देव गौतम, पुलिस महानिरीक्षक, सी.आई.डी., पुलिस मुख्यालय, रायपुर को तथा नगर सेना छ.ग. का प्रभार श्री आर. सी. पटेल, महानिरीक्षक, नगरसेना, छ.ग. को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता है.

5. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री गिरधारी नायक, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुनील विजयवर्गीय, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 21 मई 2013

क्रमांक एफ 01-68/दो-गृह/भापुसे/2001.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री पवनदेव, भापुसे (1993) पुलिस महानिरीक्षक, रेल/प्रशिक्षण/यातायात/दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय, रायपुर को दिनांक 21-05-2013 से दिनांक 07-06-2013 (18 दिवस) तक अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 08 एवं 09-06-2013 के शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री पवनदेव आगामी आदेश तक पुलिस महानिरीक्षक, रेल/प्रशिक्षण/यातायात/दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय, रायपुर, छ.ग. के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री पवनदेव को वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व मिलते थे.

4. श्री पवनदेव, भापुसे (1992) पुलिस महानिरीक्षक, रेल/प्रशिक्षण/यातायात/दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय, रायपुर के उक्त अवकाश अवधि में पुलिस महानिरीक्षक, रेल/प्रशिक्षण/यातायात/दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय, रायपुर का प्रभार श्री अरूणदेव गौतम, महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, रायपुर को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता है.

5. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पवनदेव, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. डी. पुरबिया, अवर सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2013

क्रमांक एफ 1-5/2008/11/(6).—भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 (1932 का नंबर-9) की धारा 57 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 28-01-2013 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना के पैरा-1 की पांचवी पंक्ति में शब्द कॉलम (3) के स्थान पर शब्द कॉलम (4) प्रतिस्थापित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

ग्रामोद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 फरवरी 2013

क्रमांक एफ 1-4/2008/(6) 52.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग संचालनालय (रेशम प्रभाग) (राजपत्रित) सेवा भरती नियम, 2010 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों की अनुसूची-तीन में,—

सरल क्रमांक 1 के कालम (6) से संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :—

"किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान (प्राणीशास्त्र या वनस्पतिशास्त्र) या कृषि शास्त्र या सेरीकल्चर विषय (बी.एस.सी. जीव विज्ञान/कृषि विज्ञान/सेरीकल्चर) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 13 फरवरी 2013

क्रमांक एफ 1-4/2008/(6) 52.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 1-4/2008/(6) 52 दिनांक 13-2-2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, उप-सचिव.

Raipur, the 13th February 2013

No. F 1-4/2008/(6) 52.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following amendment in the Direcotrate of Rural Industries (Sericulture Sector) Chhattisgarh, (Gazetted) Service, Recruitment Rules, 2010, namely :—

AMENDMENT

In Schedule-III of the said rules,—

For the entries relating to column (6) of serial number 1, the following shall be substituted, namely :—

"Minimum Second Division in Graduation in Biology (Zoology or Botany) or Agriculture or Sericulture Subject (B.Sc. Biology/Agriculture/Sericulture) from any recognized University."

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
REGINA TOPPO, Deputy Secretary.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

जांजगीर-चांपा, दिनांक 14 मई 2013

क्रमांक 358 क/भू-अर्जन/2013.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जांजगीर-चांपा	डभरा	सिरियागढ़ प.ह.नं. 11	2.81	कार्यपालन अभियन्ता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैरॉज निर्माण संभाग क्र. 1, खरसिया, जिला-रायगढ़.	साराडीह बैरॉज योजना के अंतर्गत सिरियागढ़-माजरकूद मार्ग पर बोराई ब्रिज निर्माण.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डभरा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

जांजगीर-चांपा, दिनांक 14 मई 2013

क्रमांक 359 क/भू-अर्जन/2013.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जांजगीर-चांपा	डभरा	माजरकूद प.ह.नं. 11	1.77	कार्यपालन अभियन्ता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैरॉज निर्माण संभाग क्र. 1, खरसिया, जिला-रायगढ़.	साराडीह बैरॉज योजना के अंतर्गत सिरियागढ़-माजरकूद मार्ग पर बोराई ब्रिज निर्माण.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डभरा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. एस. त्यागी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर, कांकेर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

कांकेर, दिनांक 2 मई 2013

क्रमांक/1931/कले/भू-अर्जन/2013.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उत्तर बस्तर कांकेर	कांकेर	मोहपुर	0.98	कार्यपालन अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, कांकेर.	हटकुल व्यपवर्तन योजना हेतु.

कांकेर, दिनांक 2 मई 2013

क्रमांक/1934/कले/भू-अर्जन/2013.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उत्तर बस्तर कांकेर	कांकेर	सिंगारभाट	0.70	कार्यपालन अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, कांकेर.	हटकुल व्यपवर्तन योजना हेतु.

कांकेर, दिनांक 14 मई 2013

क्रमांक/2066/भू-अर्जन/कले./2013.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
